तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

11 बंगला भाठा किरवई में मना गणतंत्र दिवस



12 सत्यम, शिवम, सुन्दरम को पहचानने के लिए आन्तरिक...





## खबर संक्षेप



### जिलाधीश से मिले जन प्रतिनिधिगण

**गरियाबंद।** संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, पार्षद ओमप्रकाश आडिल, टंकु सोनकर, अरविंद यादव, प्रवीण पुष्पाकर, बलराम यादव सौजन्य मुलाकात कर नगर के विकास कार्य को लेकर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने की निवेदन किये। जिसमें प्रमुख रूप से नया मेला मैदान में इस वर्ष कुंभ मेले की आयोजन तथा नया बस स्टैंड निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण संबंधी चर्चा एवं ओवरलोड रेत गाड़ियों पर कार्रवाई तथा संध्या 6 बजे से सुबह 6 बजे तक रेत गाड़ियां चलाने के संबंध में भी बातचीत हुई। सभी जनप्रतिनिधियों की बात सुनकर जिलाधीश ने नगर के विकास को लेकर अस्वस्थ किया तथा जल्द ही आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिए।

### देहारगुड़ा संकुल में सांस्कृति कार्यक्रम आज

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड मैनपुर अंतर्गत संकुल केंद्र गिरहोला में संकुल स्तरीय सांस्कृतिक पर्व का आयोजन किया गया है। जिसमें संकुल के विभिन्न विद्यालय के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शन, कबाड़ से जुगाड़ के अलावा गीत, कविता, भाषण होना है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल के समस्त विद्यालयों के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्यों का सम्मान किया जाना है। इस आयोजन को लेकर के संकुल भर के शिक्षक, पालक और विद्यार्थी बहुत उत्साहित हैं। यह आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा के प्रांगण में होगा।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि आज

**मैनपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा 30 जनवरी दिन मंगलवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर हमर मैनपुर चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, ब्लॉक महामंत्री गेन्दु यादव ने सभी कांग्रेस से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।

### रक्सी में मड़ई मेला कल

**रसेला।** ग्राम पंचायत टोनहीडबरी के आश्रित ग्राम रक्सी में 31 जनवरी को मड़ाई मेला का आयोजन रखा गया है। जिसमें रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी मयारू गंगा साराबोग ओडिशा का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी व पंचायत के जनप्रतिनिधि जुटे हुए हैं।

### महिला स्व-सहायता समूहों के लिए 12 लाख स्वीकृत

गरियाबंद। जिले मे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत देवभोग विकासखण्ड के 31 ग्राम एवं गरियाबंद विकासखण्ड के 11 ग्राम में एनजीडब्ल्यूडीपी जलग्रहण परियोजना संचालित है। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने परियोजना के आजीविका घटक के तहत देवभोग परियोजना से 52 महिला स्व-सहायता समूहों को 26 लाख रुपए एवं गरियाबंद परियोजना के 25 महिला स्व-सहायता समूहों को 12 लाख 50 हजार रुपए विभिन्न आजीविका गतिविधि जैसे-सब्जी उत्पादन, मछलीपालन, बकरी पालन, मूर्गीपालन, टेंट हाउस, किराना दुकान, दोना पत्तल निर्माण, सिलाई मशीन, फैंसी स्टोर्स, मशरूम उत्पादन, टी स्टाल, आटा चक्की सहित अन्य कार्यों के लिए प्रत्येक समूह को 50-50 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की है।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के खूबसूरत नजारे को देखने इटली से पहुंचे विदेशी पर्यटक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर**

## पर्यटकों को जैवविविधा व आदिवासी जीवनशैली और भोजन ने लुभाया

▪ कमार जनजाति के लोगों के जीवन शैली को नजदीक से देखा

उदंति सीतानदी टाइगर रिज़र्व की खूबसूरती देखने इटली से पर्यटक गरियाबंद पहुंचे हुए हैं। गरियाबंद जिले की पर्यटन क्षेत्र के रूप में ख्याति लगातार बढ़ रही है। बीते एक दो वर्ष में सैलानी की संख्या में काफी ज्यादा वृद्धि हुई है। अब तक गुमनामियों में गुम जिले के खूबसूरती सिमट कर रह गया था लेकिन पिछले कुछ समय से उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व में पर्यटन में काफ़ी तेजी आई है, यहां की प्राकृतिक खूबसूरती को देखने लोग लगातार पहुंच रहे है और टाइगर रिज़र्व के विभिन्न







क्षेत्रों में भ्रमण भी कर रहे है। इस कड़ी में सोमवार को कई प्रयासों के बाद जिले की खूबसूरती देखने के लिए विदेशी पर्यटक पहुंचे। अगोरा ईको टूरिज्म और नोवा नेचर एनजीओ एवं वन प्रबंधन समिति ओढ़ द्वारा आयोजित की गई ट्रेकिंग में 20 पर्यटकों ने भाग लिया। जिसमें 4 इटली के ▶▶|शेष पेज 10 पर

## कार्यक्रम : परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सुनने छात्रों में भारी उत्साह

# 117 मिडिल, 30 हाई और 9 अर्ध शासकीय स्कूलों में 12 हजार प्लस विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री को सुना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

▪ टेक्नोलॉजी से दूर नहीं भागे,बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करें

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज सोमवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम को लेकर शिक्षा विभाग मैनपुर द्वारा पिछले एक सप्ताह से जोरशोर से तैयारी किया जा रहा था। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्थ बिजली विहीन ग्रामों में भी छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री के चर्चा कार्यक्रम में शामिल करने के लिए रेडियो व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराये गये थे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर चंद्रशेखर मिश्रा एक दिन पूर्व ही सभी स्कूलो में टेलीविजन, प्रोजेक्टर सीधा प्रसारण सुनने के लिए पूरी तैयारी करने स्वयं स्कूलो का दौरा कर व्यवस्था दूरूस्थ कर दिये थे। सोमवार को आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के कुल 117 मिडिल स्कूल, 30 हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा 09 अर्धशासकीय स्कूलो में 12 हजार से अधिक छात्र –छात्रओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान छात्र –छात्रओं में भारी उत्साह देखने को मिला और ▶▶|शेष पेज 10 पर





### किसी भी विद्यार्थी की मुस्कान न छीन पाए कोई परीक्षा : गोवर्धन

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में स्कूली बच्चो के साथ पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री मांझी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अंतर्गत देश के लाखों बच्चो से सीधे जुड़कर और चर्चा कर उन्हे तनाव मुक्त परीक्षा के बारे में न सिर्फ टिप्स दे रहे है बल्कि छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे है। यह देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री है जो सभी वर्गो के साथ छात्र-छात्रओं के भविष्य के बारे में भी सोचते है किसी भी विद्यार्थी की मुस्कान परीक्षा न छिन पाये इसके लिए प्रधानमंत्री संवेदनशील है।



▪ सेल्फीजोन में छात्रों की लगी रही भीड़ कई भाजपा के नेता कार्यक्रम में हुए शामिल

### प्रधानमंत्री ने दिया छात्रों को मंत्र

परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री मोदी ने दिया छात्रों को मंत्र प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल ही नहीं बल्कि किसी भी चीज का अति...किसी का भला नहीं करता हर चीज के लिए एक मानदंड होना चाहिए उसका एक आधार होता है किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए इसका विवेक होना बहुत जरूरी है टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें आदत डाली चाहिए कि हम निर्णायक बनें कंफ्यूजन में नहीं रहना चाहिए अगर कोई कंफ्यूजन है तो हमें उस पर बात करनी चाहिए और उसका समाधान करके आगे बढ़ना चाहिए।

### छात्र-छात्रा हमेशा रहे तनाव मुक्त : योगेश

भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा प्रतिस्पर्धा के इस जमाने में छात्र बच्चे बेहतर परिणाम को लेकर कई तनाव से गुजरते है उन्हे तनाव मुक्त रहना चाहिए। तभी वे उचित शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। अपने लक्ष्य प्राप्ति तक कभी हार न माने और लक्ष्यों को पाने के लिए सदैव तत्पर रहे।



## पुलिस ने चीतल के शिकार मामले में 10 लोगों को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

सोमवार को वन्य जीव चीतल 1 नग के अवैध शिकार मामले में 10 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। वन्य जीव जप्ती कार्यवाही प्रकरण में परिक्षेत्र तौरेंगा के अंतर्गत एंटी पोचिंग टीम, परिक्षेत्र तौरेंगा एवं वन अमला द्वारा वन अपराध (अवैध शिकार ) वन्य प्राणी चीतल एक नग शिकार के 10 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। वन अपराध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,27 (1) 31,39,49,51,52 तहत वन अपराध दर्ज कर माननीय न्यायालय गरियाबंद पेश किया गया। इस कार्यवाही में एंटी पोचिंग टीम के प्रभारी गोपाल कश्यप नोडल अधिकारी एंटी पोचिंग टीम परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा एवं परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उदंती एवं वन अमला ओमप्रकाश, प्रकाश राव, फलेश्वर दीवान, रोहित कुमार का योगदान रहा।

# मुस्कान अभियान के तहत मुंबई से नाबालिग को किया गया बरामद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर**

मुस्कान अभियान के तहत मुंबई से अपहत नाबालिक बालिका को फिंगेश्वर पुलिस ने बरामद कर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले गरियाबंद के निर्देशन में, अतिद्न पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में मुस्कान अभियान के तहत गुम बच्चो से संबंधित प्रकरणों को गंभीरता पूर्वक तत्काल कार्यवाही करने दिशा निर्देश फिंगेश्वर पुलिस को देने पर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार विजयवार एवं स्टाप के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर घटना से संबंधित



▪ फरार आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जेल

आरोपी को गिरफ्तार जेल भेजा गया। घटना की जानकारी देते हुए बताया गया कि थाना फिंगेश्वर के नाबालिक अपहता को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले गया था जिसकी रिपोर्ट पर धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना पतासाजी दौरान गुमशुदा नाबालिक बालिका को थाना फिंगेश्वर पुलिस विशेष टीम गठित कर मुंबई से बरामद कर लिया गया। घटना में फरार आरोपी मोहम्मद हाफिज शेख उम्र 30 वर्ष साकिन मानखुर्द महाराष्ट्र को मुखबिर की सूचना पर रायपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में धारा 363,366, 376(2)(ढ) भादवि,4,6 पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार विजयवार, सउनि खुमान महिलांग,आरक्षक रोशन साहू, आरक्षक सुरेन्द्र सिंह नेताम, आरक्षक भरत कुमार सेन, महिला आरक्षक पिंकी ध्रुव थाना फिंगेश्वर का सराहनीय योगदान रहा।

### रिकेश बने नेहरू युवा केंद्र सलाहकार समिति के सदस्य

**राजिम।** युवा भाजपा नेता रिकेश साहू को केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्ति के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र



संगठन के संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने नियुक्ति पत्र में लिखा है कि आपका योगदान जिले में युवा विकास के संबंधित महत्वपूर्ण मामलों पर मार्गदर्शन सलाह और नए दृष्टिकोण प्रदान करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह जिम्मेदारी मिलने पर रिकेश ने कहा कि जिस विश्वास के साथ केंद्रीय मंत्री ने मुझे यह दायित्व सौपा है उसमें खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। युवाओं के हित में सदैव कार्य करूंगा। रिकेश को सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, डॉ. रामकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, बोधन साहू, विरेंद्र साहू, जितेंद्र पेंदरिया, युवराज साहू, लोकेश सोनी, मोहनीश ठाकुर, मनीष साहू, पुखराज साहू, लोकेश साहू,चंदू साहू, ओमकार यदु, नेपाल साहू, मुकेश साहू, गौतम शर्मा, अखिलेश गुप्ता ने उन्हें शुभकानाएं दी।

# राजिम जोगी कांग्रेस के जेठूराम कोसरे भाजपा में हुए शामिल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम**

जोगी कांग्रेस के नेताओं का मोहभंग लगातार होता चले जा रहा है। इसी तारतम्य में राजिम के जेठुराम कोसरे जोगी कांग्रेस को छोड़कर विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। विधायक श्री साहू ने श्री कोसरे का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष रेखा सोनकर,जिला भाजपा के उपाध्यक्ष महेश यादव,मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, नपा के सभापति ओमप्रकाश आडिल सहित बड़ी संख्या में मुहल्लेवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भेंडरी स्कूल में मधुमक्खी दंश एवं कुत्ते के काटने पर दी उपचार की जानकारी

# कुत्ते के काटने पर 15 मिनट तक साबुन पानी से धोएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा**

प्रत्येक शनिवार को यूनिसेफ के सहायता विद्याथियों को जागरूक करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनवरी माह के अंतिम शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में बस्ताविहीन दिवस के अवसर पर मधुमक्खी दंश एवं कुत्ते के काटने पर बचाव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के शिक्षक लालजी सिन्हा द्वारा यूनिसेफ के मदद से बनाये गये वीडियो जिसमें सुकन्या द्वारा अपने पिता से मोहन को मधुमक्खी दंश एवं विकास को कुत्ते के काटने पर बातचीत कर घरेलू उपचार कैसे से सम्बंधित वीडियो बच्चों को दिखाया गया। तत्पश्चात संस्था के प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी द्वारा दिखाये गये वीडियो के आधार पर बच्चों से चर्चा परिचर्चा करते हुए मधुमक्खी दंश से बचाव के प्राथमिक उपचार के सम्बंध बताया गया कि मधुमक्खी ने किसी को काटा हो तो और उसका डंक शरीर में ही रह गया हो तो सबसे पहले डंक को निकाले, उस जगह पर बर्फ लगाए ठंड के वजह से विषाक्त पदार्थ फैलता नहीं है, दर्द भी कम करता है। किसी को गम्भीर एलर्जी हो जाये तो तुरंत डॉक्टर को दिखाए। वरिष्ठ शिक्षक टीकूराम ध्रुव द्वारा कुत्ते या बिल्ली के काटने पर प्राथमिक उपचार के सम्बंध में बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया कि कुत्ते या बिल्ली के काटने पर 15 मिनट तक लगातार साबुन पानी से धोए, घाव धोने के बाद एंटीसेप्टिक क्रीम, लोशन, स्प्रिट, बेटाडीन आदि लगाएं। घव पर पिसी मिर्च, मिट्टी का तेल, चुना, नीम की पत्ती एसिड आदि न लगाये। घाव को खुला छोड़ दे।




### इनकी रही उपस्थिति

सरपंच मोहनलाल साहू ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने एवं नियमित स्कूल आने प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी, शिक्षक रेखराम निषाद, टीकूराम ध्रुव, लालजी सिन्हा, सरपंच मोहनलाल साहू, शाला समिति के सदस्य गोदावरी बाई साहू, भगवती साहू, ऐशु बाई साहू बाल केबिनेट के सदस्य सनत साहू, वेदांत सेन, लुप्ताजंली गोस्वामी, हेमलता, लक्ष्मी, दिव्या, युस्मिति, मोहनी ध्रुव, देवव्रत, करण, रणवीर, कुणाल, भविष्य ध्रुव उपस्थित थे।

### ठंड से बचने लोग जला रहे हैं अलाव



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** बीते दिनों हुई बारिश और आसमान में छाए बादलों से अंचल में सर्दी का असर बढ़ गई है। अंचल में चल रही शीतलहर ने लोगों को ठिठुराना शुरू कर दिया है। ठंडी हवाओं के साथ बढ़ी ठंड से सुबह के समय में सड़कों पर चहल-पहल कम हो गई है। बादलों के छाने से बढ़ी ठंड से बचाव के लिए लोगों ने अलाव जलाना शुरू कर दिए हैं।

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### दृष्टिबाधित चार छात्र लेंगे ब्रेललिपि प्रशिक्षण

**महासमुंद।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा निमोरा रायपुर में दृष्टिबाधित बच्चों के लिए आयोजित ब्रेनलिपि प्रशिक्षण के लिए जिला महासमुंद के चार दृष्टिबाधित विद्यार्थी रवाना हुए। ब्रेनलिपि प्रशिक्षण निमोरा में कक्षा चौथी और पांचवी में अध्यनरत दिव्यांग दृष्टिबाधित बच्चों के लिए आयोजित है। उक्त प्रशिक्षण में विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा, बसना, सरायपाली से एक-एक विद्यार्थी भाग लेने के लिए आज रवाना हुए। अवसर पर डीएन जांगड़े एपीसी, जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी महासमुंद, केशव साहू ने बच्चों को हरी झंडी दिखाकर विदा किया गया।

### महामाया रक्तदाता सेवार्थ समिति को मिला राज्य स्तरीय सम्मान



**महासमुंद।** श्री सांईनाथ जन सेवा समिति भिलाई के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर मां महामाया रक्तदाता सेवार्थ समिति महासमुंद को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के जन सेवक 60 संस्थाओं को आमंत्रित किया गया था। उपरोक्त सम्मान के लिए समिति के अध्यक्ष रवि साहू ने श्री सांई नाथ जन सेवा समिति के संस्थापक माधव राव का आभार व्यक्त किया और कहा ऐसे सम्मान से जनसेवकों में कार्य करने की उत्साह बनी रहती है। यह सम्मान हमारे सभी रक्तदाताओं को समर्पित है जिनके वजह से ही समिति लोगों की हरसंभव मदद के लिए आगे रहती है।

### नर्रा में उर्स पाक धूमधाम से मनाया गया



**नर्रा** । ग्राम मे हजरत सैय्यद शहीद महमूद अलीशाह (रअ) पानीपत नर्रा शरीफ जिला महासमुंद छग द्वारा 28 जनवरी रविवार को शाम जुलूस निकाल कर गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए मजार में संदल शरीफ और चादरपोशी की गई । बाद नमाज मगरिब तकरीर बाद आम लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के सभी धर्मों के लोग शरीक हुए । इस मौके पर मो असरफ रिजवी खरियार रोड, जावेद खान रायपुर, मो यमीन खान, विजय शंकर निगम, राजेंद्र गुप्ता, मो यूनुस खान, असलम खान, शब्बू भाई, अनवर अली, उमर बेग, अजीज खान, अब्दुल मन्नान, अनवर अली, शेख इनायत, अब्दुल मन्नान, फरदीन फरीद, सुल्तान रमजान, शहबाज सफरबेग, याकूबब खान एवं बडी संख्या मे मुस्लिम जमात के लोग उपस्थित रहे ।

# स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर पहुंचे विधायक इन्द्रकुमार, अव्यवस्था देख हुए नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- कहा- व्यवस्थित इलाज व सुविधा में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी





विधायक इन्द्रकुमार साहू ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां अस्पताल में अव्यवस्था, साफ-सफाई का अभाव देखकर जमकर भड़के। विधायक ने बीएमओ एवं डॉक्टरों को स्पष्ट चेतावनी देते कहा कि सरकार बदल गई है कर्मचारी अपनी मानसिकता को बदल लें यह सरकार गरीबो एवं किसानों की सरकार है सबका व्यवस्थित ईलाज व सुविधा में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अचानक अस्पताल पहुंचे विधायक ने सभी वार्डो मे घूम कर निरीक्षण किया। इस दौरान वार्डो में पसरी गंदगी, टूटा हुआ बेड, गंदे गद्दा चादर, पंखे व लाईट भी खराब पाया गया। अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों से व्यवहार अच्छा नहीं होने तथा डिलवरी के मरीजों से अलग से पैसे की मांग की शिकायत भी मिली है।

इन सब बातों को गंभीरता से लेते हुये विधायक ने सभी विषयो पर चर्चा करने तत्काल जीवनदीप समिति की बैठक की तिथि निर्धारित करने बीएमओ को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि एक हॉस्पिटल में दो बीएमओ कार्यभार को संचालित कर रहे है। असली बीएमओ कौन है यह तय नहीं हो पाया है। इस अस्पताल में आये दिन मरीजों के साथ लापरवाही की शिकायतें उजागर होती रहती है। परंतु कोई ठोस कार्यवाही के अभाव मे स्थिती नहीं बदलती। लेकिन विधायक का अचानक निरीक्षण में पहुंचने से लोगों की उम्मीदे जगी है।

## आयोजन : उपमुख्यमंत्री शर्मा ने की सामाजिक पहल की सराहना

# प्रदेश के विकास में अहम योगदान दे रहा यादव समाज : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छतीसगढ़ झेरिया यादव समाज के सामाजिक सम्मेलन,सामूहिक आदर्श विवाह,युवक युवती परिचय सम्मेलन में पहुचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर खुशहाल दाम्पत्य जीवन की कामना करते हुए समाज के आवश्यकता को पूरा करने का भरोसा दिलाया।

रविवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा झेरिया यादव समाज द्वारा राजधानी रायपुर के महादेव घाट में आयोजित सामाजिक सम्मेलन सामूहिक आदर्श विवाह, युवक युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनका स्वागत यादव समाज ने किया। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण की पूजा आरती की गई।

कार्यक्रम में राज्य भर के विभिन्न जिलों से आए यादव समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि समाज की अच्छी पहल है। मंच पर विवाह योग्य युवक-युवती आपस मे मिल कर विवाह योग्य वर-वधू ढूंढ़ने में समय और धन की बचत होती है ।उन्होंने 6 विवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए खुशहाल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यादव समाज छग के विकास में अपनी बराबर की भागीदारी दे रहा है व भारत के स्वाभिमान मान सम्मान के लिए हमेशा खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याण कारी कार्य को पूरा करने तथा मोदी की गारंटी एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने को प्रतिबद्ध है। नवनिर्मित छात्रावास ,भवन सभागार का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने बताया कि सामाजिक भवन रायपुर में प्रदेश भर के पढ़ने वाले बच्चों के रहने की उचित व्यवस्था की गई है। श्री यादव ने समाज के रीति रिवाजों एवं गतिविधियों पर पर प्रकाश डाला समाज के नवनिर्मित भवन के लिए फर्नीचर सहित अन्य व्यवस्था के 10 लाख की राशि की मांग की मांग की गई, जिसे मंत्री द्वारा पूरा करने का आश्वसन दिया गया। संचालन राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ ने किया। इस अवसर पर भगत सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, आशा यादव प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सहित महासमुंद जिला से प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष, सोहन लाल यादव, जीवन यादव, जनक यादव, चरण यादव, मनोज यादव, छगन यादव, सोनउ राम यादव, खेमराज यादव, राम भगवान यादव, किसनु राम यादव, लीलाधर यादव, पुष्कर यादव, सतीश यादव, मनोहर यादव, चेलक यादव, आनंद राम यादव, पतित यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# वन विभाग दुर्गा मंदिर परिसर में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के वन विभाग दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को राष्ट्रीय जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं वेदमाता गायत्री प्राण प्रतिष्ठा के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन विधी-विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदुलाल साहू, अध्यक्षता गायत्री परिवार जिला समन्वयक टीकम साहू विशेष अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष, दुलार सिन्हा,रामस्वरूप साहू, केनुराम यादव, पत्रकार शेख हसन खान, मोहन कुशवाहा, रूपेश साहू,पुलस्त शर्मा,जगदीश राजपूत, थानूराम पटेल, उत्तम पटेल, महेश कश्यप, तुलसी राठौर विशेष रूप से उपस्थित थे। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं वेदमाता गायत्री मुर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 10 फरवरी से 13 फरवरी तक आयोजित किया गया है जिसके लिए आज मैनपुर में भूमि पूजन कार्यक्रम विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। चंदुलाल साहू ने कहा मैनपुर में गायत्री मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चूका है जहां माता गायत्री की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा के साथ 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया है। उन्होने सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में बढ़ -चढ़ कर सहयोग करने की अपील की है। योगेश शर्मा ने कहा गायत्री परिवार द्वारा लम्बे समय से मैनपुर में भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है और यह शुभ अवसर भी आ रहा है कि माता गायत्री की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा। इस मौके रोमन चंद्राकर , टीकम राम साहू जिला समन्वयक जिला गरियाबंद, पुरुषोत्तम यादव उप जोन रायपुर, युवा प्रकोष्ठ समन्वयक केनु राम यादव, दाऊलाल यादव, चरण यादव टीकमचंद सेन, पतराम निषाद, बृजलाल ध्रुव, सवितानंद साहू, जगदीश राजपूत, खगेश्वर, साहू, सतरूपा ध्रुव सरिता सेन, डोमार सिंहा, भुनेश्वर सिंहा,प्यारेलाल कश्यप, गणेशाराम पटेल, सुखचंद ध्रुव, बोधन पटेल, मुरली यादव, हेमसिंह नेम थे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में सुपर थर्टी खोपलीपाठ प्रथम



**छुरा।** ग्राम सारागाव के सुभाष क्रिकेट क्लब के युवाओं द्वारा 14 से 28 जनवरी तक टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें दूर दराज गांव के 46 प्रतिभागी खिल्लाड़ी ने भाग लेकर अपना प्रदर्शन किया। और इस टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में सुपर थर्टी खोपलीपाठ एवं खड़मा के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जो कि यह मैच बहुत जबरदस्त रोमांचक मैच रहा। जबकी इस फाइनल मैच में सुपर थर्टी खोपलीपाठ प्रथम स्थान पर रहे। मैन ऑफ द ईयर सुपर थर्टी खोपलीपाठ के जोशी को मिला। तथा बेस्ट आलराउंडर उमेश कुमार यादव को मिला। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15 हजार रूपये बीएम मिश्रा के द्वारा दिया गया। वहीं विशेष अथिति के रूप मे कुन्दन निर्मलकर, मोहन देवांगन उपसरपंच, सुखीत राम मरकाम, राजेन्द्र दीवान, हिरावन साहु ग्रामीण सचिव, जयपाल कंवर, सौरभ चन्द्राकर थे। मुख्य अथिति बालमुकून्द मिश्रा ने कहा कि कोई भी खेल को खिल्लाड़ी भावनाओं के साथ खेलना चाहिए। और यह खेल हमारे शरीर के लिए उर्जावान खेल साबित होता है। इस दौरान खेमचन्द कंवर, गौरव यदु, लुकेश्वर कंवर, विक्की निर्मलकर, दीपक दीवान, रमेश कंवर, राज मिस्त्री, रविशंकर दीवान उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला बारुला मे गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।मुख्यअतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई।

गणतंत्र दिवस को लेकर शाला मे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्यअतिथि सरपंच बिसहत राम पारधी थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम मे शाला के बच्चो ने देश भक्ति गीतो सहित अन्य नृत्य में शानदार प्रस्तुती दी। प्रस्तुती पर दर्शकों ने जोरदार तालियों की गड़गडाहट से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकुल प्राचार्य पुरनलाल साहू ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमो से बच्चो के प्रतिभा मे निखार आता है। वहीं पर बच्चों के साहस मे वृद्धि होती है। बिसहत पारधी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगनाथ गुप्ता, झाड़ू साहू, शेषनारायण गुप्ता, इंद्रमण साहू, जितेंद्र साहू एवं संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव उपस्थित थे।



### शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित

**कोमाखान।** गणपर्व पर प्राथमिक शाला लुकूपाली(कोमाखान), पूर्व माध्यमिक शाला कोमाखान के अलावा शासकीय हाईस्कूल व हायर सेकंडरी स्कूल कोमाखान में नक्सली हमले में शहीद हुए आरक्षक प्रमोद पटेल पिता बृजलाल पटेल की शौर्य गाथा का स्मरण किया। साथ ही उक्त स्कूलों के कार्यक्रमों में उन्हें याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

## मन की एकाग्रता है जीत की गारंटी : पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



सेंट जॉन्स सीबीइसई अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा का कार्यक्रम का आयोजन दिवस रखा गया। जिसमें माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में आयोजन हुआ। शाला में अध्यनरत समस्त छात्र छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें विशेष रूप से आने वाले माह में होने वाले वार्षिक परीक्षा में बच्चे कैसे परीक्षा को लेकर के मानसिक तनाव को झेलते हैं। उस पर कैसे काबु पाया जाता है और उसको बिना मानसिक तनाव के हम कैसे आसान तरीके से हम तानाओं से मुक्त स्वत्रांतिक तरीके से परीक्षा दे सकें। इसी विषय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन के माधयम से देश के समस्त करोड़ों छात्रा - छात्राओं को संदेश दिया। उन्होंने यह भी बया किये की दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूपसे शाला प्रवंधक शैजू जेकब, प्राचार्य उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### उदंती सीतानदी ...

पर्यटकों ने भी हिस्सा लिया। यह आयोजन उदंती सीतानदी के औंढ में किया गया था जो अपनी प्राकृतिक सुंदरत के लिए जाना जाता है। इस ट्रेकिंग में उन्हें इस क्षेत्र के वन्य जीवों, जैवविविधता और आदिवासी जनजीवन के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कोयबा, बूढ़ाराजा, बनियाधस जलप्रपात और तीरंदाजी का भी लुफ्त उठाया। इटली के पर्यटकों को यहां की जैवविविधा, आदिवासी जीवनशैली और भोजन ने बहुत लुभाया।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व घने जंगल बड़े - बड़े पहाड़ खाई चट्टानो, नदी नालो, झरनो और वन्यप्राणियो से भरा पूरा क्षेत्र है यहां के मनोरम दृश्य हमेशा बड़े शहरों के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के खूबसूरत और मनोरम दृश्य को नजदीक से देखने और महसूस करने विदेशों से भी पर्यटक समय -समय पर पहुंचते रहे है। पिछले दो दिनों से इटली से पांच सदस्यीय पर्यटको की टीम और अन्य क्षेत्रे से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हुए है जो यहां के मनोरम और प्राकृतिक दृश्य को देखकर काफी अभिभूत नजर आ रहे हैं साथ ही यहां निवास करने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोगों से भी मूलाकात कर उनके जीवन शैली को नजदीक से देख रहे है तो वही ग्रामीणों के द्वारा भी विदेशी मेहमानों का पारंपरिक तरीके से स्वागत सत्कार किया जा रहा है।

### 117 मिडिल, 30 हाई...

कार्यक्रम के पश्चात छात्र - छात्राओं ने स्कूलो में बनाये गये सेल्फीजोन में जमकर तस्वीर भी खींचवाई। कई स्कूलो में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी भी शामिल हुए। मैनपुर विकासखण्ड के एक दर्जन से ज्यादा स्कूल जो पहाड़ी और जंगल क्षेत्र में होने के कारण बिजली नही लग पाई है ऐसे ग्राम भालुपानी, कुरवापानी, ताराझर, मटाल, गरहाडीह, गौरगांव जैसे दूरस्थ वनांचल के स्कूलो में बिजली नही होने के कारण रेडियो से प्रधानमंत्री को सूना गया।

**12 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं हुए शामिल**-मैनपुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर मिश्रा ने बताया मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 117 मिडिल स्कूल, 30 हाई एवं हायर सेकेण्री स्कूल एवं 09 अर्धशासकीय स्कूलों में 12 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## कुलिया में नौ दिन चले महोत्सव का हिंदू राष्ट्र निर्माण संघर्ष के लिए संकल्प के साथ विराम

# अब काशी और मथुरा के मंदिरों को नवसृजित करने हो जाएं तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



याज्ञिक सम्राट चैतन्य स्वामी अग्निशिखा महाराज का कहना है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर पांच सौ नहीं बल्कि साढ़े नौ सौ साल बाद फिर से तैयार हुआ है। उन्होंने सभी हिंदुओं को एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा- अब सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अब कोई मंदिर टूटने नहीं देंगे, बल्कि टूटे हुए मंदिरों को नवसृजित करने की बारी आ गई है। उन्होंने कहा कि कुलिया गांव से यह संदेश सर्व हिंदू समाज को जा रहा है कि अयोध्या के बाद अब कांशी और मथुरा के मंदिरों को वापस लेकर उन्हें नवसृजित किया जाए, इसके लिए सभी तैयार रहें।

कोमाखान के कुलिया गांव में आयोजित श्रीराम कृष्ण भक्ति महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए स्वामी जी ने कहा कि रामकृष्ण की कथा सुनने वालों से बड़ा भाग्यशाली इस पृथ्वी पर दूसरा कोई नहीं हो सकता, यह सौभाग्य कई जन्मों के पुण्य के बाद मिलता है।

उन्होंने महोत्सव के आयोजक और मुख्य यजमान डा नीरज गजेंद्र के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल पितरों की स्मृति को जीवंत बनाने के लिए नहीं है, बल्कि पितरों के बहाने सर्व हिंदू समाज को जगाने के लिए है कि सावधान हो जाएं अब और कोई आतताई अपनी जड़ें न जमाने पाए, उन्होंने राममंदिर के फैसले के दिन अदालत परिसर में बंदर की मौजूदगी को हनुमान जी की उपस्थिति बताते हुए कहा कि अब भी इस दुनिया में राम-कृष्ण के दूत हैं, जिनके माध्यम से धर्मध्वजा हिंदू राष्ट्र की दिशा में लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि पिता के बहाने (डा नीरज व तरूण) गजेंद्र बंधुओं ने जन-जन के दिलों में राम और कृष्ण की भक्ति को जीवंत बनाने का काम किया है, यह अनुकरणीय है। महोत्सव में सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान समेत सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्रों में सेवा दे रहे अनेक गणमान्य लोगों ने आयोजन को हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित किया। आयोजक परिवार के तरुण गजेंद्र व सार्थक गजेंद्र ने महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने वालों का आभार माना। संचालन प्रेमचंद डड़सेना और भूखनलाल सिन्हा कर रहे थे।

महोत्सव में क्षेत्र के ख्यातिलब्ध भागवताचार्य पं उमाशंकर शर्मा, पं बसंत महाराज और पं संतोष शर्मा के साथ राम कथावाचक बुद्धेश्वर डड़सेना, आत्माराम गजेंद्र, भागवत साहू, गणपत साहू, घांसीराम डड़सेना, रामप्रवेश पारकर, कुंवरसिंह साहू, भोपाल सिन्हा समेत अनेक रामायणियों को मानस केसरी से सम्मानित किया गया।

### प्रेम मार्ग से राष्ट्र में लहराता रहेगा हिंदू धर्मध्वजा : शंकुस्वामी

नौ दिनों तक चले इस महोत्सव में श्रीमद्भागवत ज्ञान यह सप्ताह के तहत तिरुपति के वैदिक शिक्षण संस्थान से वेद और उपनिषद की शिक्षा प्राप्त किए नुआपाड़ा के पं शंकुस्वामी जी महाराज ने कृष्ण लीला का सार बताकर आह्वान किया कि सारी समस्याओं का समाधान श्रीमद्भावगत गीता में है। उन्होंने कहा कि जो धर्म के मार्ग पर चलता है उसके साथ स्वयं नारायण होते हैं, वे नर रूपी मुनष्यों के सारथी बनकर जीवन को कृतार्थ करते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण की जीवन शैली को अपनाकर दुनिया में प्रेम मार्ग को स्वीकार करने का आह्वान किया।

### राम की मर्यादा के अनुसरण से आदर्श बनेगा समाज

महोत्सव के दूसरे चरण में 26 और 27 जनवरी को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध रामकथा मंडली रामदास मानस परिवार बंदौरा (कवर्धा) के फन्नू बैरागी ने संगीतमय कथा के माध्यम से बताया कि श्रीराम मर्यादा के आदर्श कैसे बने। महोत्सव में धमतरी के गुदगुदा, कुरूद के कोटगांव, गरियाबंद के सोरिद, बागबाहरा के खल्लारी और झारा से पहुंची रामायण मंडलियों ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी घटनाओं को संगीतबद्ध कर लोगों तक पहुंचाया।

### कलश और शोभा यात्रा में हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प

महोत्सव के पहले दिन कलश यात्रा और आखिरी दिन शोभायात्रा निकालकर आयोजन समिति के लताऋषि चंद्राकर, रोहित सिन्हा, सरपंच प्रेमशंकर सिन्हा, मीना चंद्राकर, उपसरपंच मुकेश सिन्हा, केशवराम साहू, मोरध्वज साहू, रमेश सिन्हा, हेमचंद अग्रवाल, अजय सिन्हा, महेश चंद्राकर, पुरुषोत्तम बघेल समेत सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने रामकृष्ण भक्ति के माध्यम से हिंदू राष्ट्र निर्माण का संकल्प दोहराया। यात्राओं में नारे लगे कि अयोध्या तैयार हुआ है अब मथुरा की बारी है।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस का झंडा वंदन कार्यक्रम

**नवापारा-राजिम।** रविवार को वार्ड नंबर 21 गौरा चौरा के पास अजय साहू के कर कमलों से ध्वज वंदन कार्यक्रम हुआ। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष बीरबल बंजारा, नपा. उपाध्यक्ष चतुर जगत, विधानसभा अध्यक्ष मेघनाथ साहू, घनश्याम साहू, भागवत साहू, रूपराम साहू, नंदू साहू, अग्नू साहू, भरत गिरी गोस्वामी, अमर सिंह चक्रधारी, देवा सोना, प्रभात जगत, पुरुषोत्तम जगत, अकाश सोना एवं वार्डवासी शामिल थे।

### कार्यक्रम में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**मुड़ागांव(कोरासी)।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैलाश शुक्ला थे। कैलाश शुक्ल ने कहा कि हमारे भैया बहन प्रांत स्तर तक के खेलकूद और बौद्धिक प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। शिशु मंदिर ही एक ऐसा संस्था है जो अपने विद्यालय को मंदिर कहते हैं और पढ़ने वाले भैया/बहिन को अपने भगवान मानते हैं। उनके पुजारी है हमारे आचार्य दीदी जो बहुत ही अल्प वेतन में शिक्षा देते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रधानाचार्य हुमेश्वर सिंह राजपूत, आचार्य गण, पीतांबर पटेल, गीता शुक्ला, रितु निषाद, मूलचंद पटेल, चमेश्वर साहू, होरीलाल निषाद, युवराज दीवान, राधा साहू, लोकेश चौहान लक्ष्मी नंदे का विशेष सहयोग रहा।

### यादव समाज के अध्यक्ष गेन्दु का किया सम्मान



**मैनपुर।** यादव समाज जिला धमतरी युवक युवती परिचय एवं महाअधिवेशन समारोह का आयोजन शीतला मंदिर मैदान सिहावा में आयोजित किया गया। जिसमें कोसरिया यादव समाज के मैनपुर अध्यक्ष गेन्दु यादव को समाज में उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए गेन्दु यादव को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख जयमल यादव, नंद यादव, डी के यादव, चंद्रभान यादव, गोवर्धन यादव, अनिल यादव, हृदयराम यादव, पुरूशोत्तम यादव, योगेश यादव, मन्नुलाल यादव, सदाराम यादव, जशवंत यादव, बिरबल यादव, भोजराम यादव, पवन यादव, प्रतिभा यादव, हेमलाल यादव, जगदीश यादव, गोपाल यादव, सुकराम यादव, सुकदेव यादव, दयाराम यादव, खामसिंह यादव, शांतुराम यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित थे।

### पदमा दुबे ने अलका लांबा से मुलाकात की



**राजिम।** महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पदमा दुबे ने राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के अध्यक्ष अलका लांबा से सौजन्य मुलाकात कर बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ के पांच जिलों से होकर गुजरने वाली पद यात्रा के संबंध में चर्चा की।

**दिवस : छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष मिश्र ने किया ध्वजारोहण**

# गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह लहराया तिरंगा



## भैंसातरा में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसातरा में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्र ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कहा कि हमारे देश का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था हमें अपने देश के संविधान के सभी नियमों का पालन करना चाहिए। वे शाला प्रबंध समिति ,शिक्षकों तथा समस्त विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष टीकम साहू, महेश साहू ,रूपलाल साहू, नेमूराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, योगेश वर्मा, पुष्पांजलि साहू, हेमिन साहू ,नोहर साहू मौजूद थे। ध्वजारोहण के पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई कविता, भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## परसदाजोशी स्कूल में मना गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसदाजोशी में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ध्वजारोहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भुवन लाल साहू महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा मंडल फिंगेश्वर थे। कार्यक्रम मे भुवन साहू ने कहा कि जिस प्रकार सड़क पर पड़े केले के छिलके पर पैदल चला नहीं जा सकता वहीं पर बिना संविधान के कोई देश नहीं चल सकता। इसलिए आजादी के बाद देश भक्तों ने गणतंत्र का निर्माण कर हम सभी को नियम कानून के एक सूत्र मे बांध कर राष्ट्र उत्थान की दिशा मे चलने के लिए प्रेरित किया है जिसके चलते भारत आज 75 वे साल मे गणतंत्र की माला पहन कर विकास की दिशा मे निरंतर आगे बढ़ रहा है।आज बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत अपनी अंदर की प्रतिभा को निखारगें। हमारे देश को प्रतिभाओ का देश भी कहा जाता है। कार्यक्रम से हम सभी का स्वस्थ मनोरंजन जहां होगा वहीं पर बच्चो मे आत्मबल की बढ़ोत्तरी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओंकार साहू संरक्षक मां अन्नपूर्णा व्यापारी संघ फिंगेश्वर-राजिम, विशिष्ट अतिथि सचिव खोमन साहू एवं उपाध्यक्ष डायमंड जोगी, सदस्य नेमन साहू, मनोज साहू, मनोज देवांगन, उमेंद साहू, जगदेव सिन्हा, हीरालाल साहू, बेनीराम साहू, कृष्णा साहू, बाबूलाल साहू तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका, छात्र—छात्राएं एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बंगला भाठा किरवई में मना गणतंत्र दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला बंगला भाठा किरवई में 75 गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। शाला प्रबंध समिति के सदस्य पुनितराम बंजारे ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशवंत सेन ने कही वहीं पर विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत प्रधानपाठक गुलाम ईशाक खान थे। सभी अतिथियों ने भारत माता के चित्र की पूजा अर्चना कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर शाला मे भाषण, गीत, कविता, नृत्य के आयोजन मे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुती दी। कार्यक्रम मे शाला प्रबधन समिति की अध्यक्ष जानकी निर्मलकर, रचना यादव, शांता साहू, मोतिम साहू, आशा मानिकपुरी, हिच्छाराम तारक, शत्रुहन तारक, मनीराम बंजारे, संतोश साहू, खिलेश्वर तारक सदस्य गण, मितानीन अन्नपूर्णा काठरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा कापसे, शिक्षक राजू मरकाम आदि उपस्थित थे।

## ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर में मना गणतंत्र दिवस

**मुड़ागांव(कोरासी)।** लोकतंत्र के महापर्व पर ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर मे गणतंत्र दिवस के 75 वर्षीय गांठ बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरपंच प्यारे लाल दीवान ध्वजारोहण किया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्रमुख नीलम साहू प्राचार्य, ग्राम पटेल पीलूराम यादव, भूपेंद्र सिंह जाट सक्रिय पालक तथा ग्राम के सम्मानीय नागरिक तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यालय के समस्त विद्यार्थीगन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नूतन साहू ने बेटियों के बारे में अपनी कविता के माध्यम से विचार प्रकट किया। वहीं दूसरी तरफ टीकमचंद सेन अमर शहीदो को अपनी कविता के माध्यम से याद करके उपस्थित सभी को सराबोर किया। पुरुस्कार वितरण समारोह के साथ-साथ संस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन भी विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। जिसमें अतिथियों एवं पालकों के लिए भी गेम्स रखा गया था। जिसमें पालकों ने बढ़-चढ़ कर उक्त कार्यक्रम में भाग लिया।



## ध्वजारोहण कर बांटी मिठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

आजादी के महापर्व गणतंत्र दिवस को नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण के साथ मिठाई बांटकर मनाया। सरकारी और निजी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में सुबह करीब 8:30 बजे सभी दफ्तरों के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसको लेकर उत्साह उल्लास और राष्ट्रभक्ति का माहौल रहा और लोगों ने खुशियां मनाई। वहीं ग्राम लोहरसी में मां भवानी चौक, और गांव के हृदय स्थल महावीर चौक में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत इंद्रजीत महादिक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इंदजीत महाडिक ने कहा 26 जनवरी हमारे लिये एक महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिन हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते है, हम सभी एकत्रित होकर राष्ट्र के प्रति



अपने कर्तव्य का पालन करते हुए एक नई राष्ट्र की ओर ले जाने का प्रयास करते हैं इस दिन संविधान भी लागू हुआ था। दौरान हेमंत पटेल अध्यक्ष भवानी चौक, धर्मेंद्र साहू उपाध्यक्ष, रोशन रात्रे सचिव, खेमचंद यादव कोषाध्यक्ष, राजा कंडरा सहसचिव, भवानी चौक के सलाहकार उरेन्द्र साहू सहित रोशन सेन उपस्थित थे।

## मुक्तिधाम में ध्वजारोहण



नवापारा-राजिम। स्थानीय मुक्तिधाम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर अशोक अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए इसकी महत्ता से अवगत कराया। मुक्तिधाम समिति के कार्य को देखते हुए तारीफ किया। कहा कि यह ऐसा जगह हैं जहां राष्ट्रीय आयोजन होता हैं। जहां लोग आने से कतराते हैं। मुक्तिधाम का स्वच्छ वातावरण आकर्षक सुविधाओ से युक्त हैं। जिसके लिए समिति के लोग प्रशंसनीय है। यहां कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल, पार्षद मयाराम साहू, संतु राम सेन, गोपाल यादव, राम बल्लभ, विकास बंगानी, जीवन सेन, ईश्वर निषाद, संतोष साहू, जनक राम, सुनील पारख, कन्हैया राम, बेनीराम साहू, कुम्भज कश्यप, सोना खिलारे, श्रद्धा साहू,इंदु राजपूत, दीपक साहू , सविता साहू, भागचंद बंगानी, राजू जैन, मौजूद थे।

## पालिका में मध्यानी व गांधी चौक में डॉ. राजेंद्र ने किया ध्वजारोहण



**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका कार्यालय में पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, जीत सिंग, रामा यादव, मयाराम साहू, निर्माण यादव, माखन निषाद सहित पालिका स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। गांधी चौक में शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर राजेंद्र गदिया ने ध्वजारोहण किया।

### शिवाजी चौक में सुनील ने किया ध्वजारोहण



**राजिम।** शिवाजी चौक में मुख्य अतिथि सुनील श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। जिसमें प्रमुख रूप से यादराम साहू, अनुराग जैन, युवराज संखला, लवकुश साहू, मोहन साहू, ओमप्रकाश आडिल, मनीष देवांगन, मो. कासिम , दामोदर सेन अनिल गुप्ता, सोहन साहू, मोहन साहू, चन्द्रहास साहू, कैलास बासवार, घनाराम साहू, रामगुलाल साहू, राजकुमार साहू, शत्रुघ्न धीवर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### निवास पर किया ध्वजारोहण

**गरियाबंद।** नगर पंचायत कोपरा निवासी डॉक्टर के आर सिन्हा ने सपत्नीक योगिता सिन्हा के साथ गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अपने निवास पर ध्वजारोहण कर देश प्रेम के प्रति आम लोगों को जागरूक किया।





### गौशाला में ध्वजारोहण

**राजिम।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर गौशाला में हर्षोल्लास के साथ अध्यक्ष घनाराम साहू ने ध्वजारोहण कर एवं गौ माता की पूजा की गई। कार्यक्रम में सुनील श्रीवास्तव,सेवानिवृत रेंज आफिसर लखनलाल सिन्हा, मनीराम साहू, संतोष साहू ,मनोज सचदेव, पवन गुप्ता, लालचंद मेघवानी, चोवाराम साहू, प्रदीप जैन, घसिया राम ध्रुव, राकेश गुप्ता, खम्हन साहू, प्रबंधक दुबेलाल साथ मनाया गया।

**परीक्षा पे चर्चा में पीएम ने दिए छात्रों को महत्वपूर्ण टिप्स**

# पीएम के परीक्षा पे चर्चा से बच्चों का बढ़ा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा (सातवा संस्करण) कार्यक्रम का प्रसारण टीवी के माध्यम से देखा गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रो- शिक्षकों एवं अभिभावकों से बातचीत कर उनके साथ मूल्यवान सुझाव साझा किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि छात्र तनावमुक्त होकर परीक्षाएं दे। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मंडपम प्रगति मैदान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के सातवे संस्करण में छात्रें,शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा के तनाव को दूर करते हुए कहा कि असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है। अगर हमें जीवन में कुछ करना है तो एक क्वालिटी विकसित करना चाहिए। किसी में भी अगर हम गुण देखते हैं तो उसके पुजारी बनते हैं। अगर हम



ईर्ष्या भाव पनपने देते हैं तो हम कभी बड़े नहीं बन सकते है। हम औरो की शक्तियों को जानने का सामर्थ विकसित करेंगे तो आगे निश्चित सफलता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि छात्रों को पहले खुद को समझने की जरूरत है। खुद को जानना जरूरी है। छात्र यह भी देखें कि कौन सी बातें उन्हें सहज रूप से मोटिवेट करती है। उसे पहचाने और अपनी उस योग्यता एवं कौशल को विकसित करें। माता—पिता से मैं कहना चाहूंगा कि आप अपने सपनों,आकांक्षाओं को अपने बच्चे में डालने की कोशिश ना करें। परीक्षा में कभी घबराना नहीं चाहिए। कार्यक्रम के संपन्न होने पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि आगामी एक, दो मार्च से दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा होने वाली है। अतः आप सभी सकारात्मक सोंच रखते हुए आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं और अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर घर,परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, संतोषी गिलहरे, संकुल समन्वयक भुवन यदु, शिक्षक नंदकुमार यादव, कृपा राम बघेल, मोहन लाल साहू, नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, दुष्यंत साहू, तोमन साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# नेशनल खो-खो प्रतियोगिता में सिवनी के खिलाड़ियों का चयन







## चयनित खिलाड़ी रविवि रायपुर का करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

खो-खो क्लब सिवनी के तीन खिलाड़ियों कुलेश पटेल पिता घनश्याम पटेल (नेताजी महाविदायालय अभनपुर), ठाकुर राम पिता भीखम ओंगरे (हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर), टिकेश्वरी साहू पिता आनंद साहू (हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर) का चयन राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के चयन पर प्राचार्य एवं खेल अधिकारी, ग्राम सिवनी के सरपंच हेमलाल लहरी, डॉ. एसएन साहू प्राचार्य शाउमावि सिवनी, कोच नीलकंठ साहू, प्रवीण साहू एवं समस्त ग्रामवासियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभ आशीष देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ शिक्षक भी सामूहिक रूप से करें : पीएम

## पीएम मोदी के "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम को कलेक्टर ने भी सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री भारत शासन के वार्षिक कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा" के सातवें संस्करण का आयोजन सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम से किया गया। जिसका सीधा प्रसारण पूरे भारत वर्ष में किया गया। जिसमें प्रसारण को देखने के साथ अन्य रोचक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय गरियाबंद के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में किया गया। इसके आलावा जिले के विभिन्न स्कूलों में भी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सोनटेके, कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, एसडीएम विशाल महाराणा अन्य गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, डीएमसी के.सी नायक सहित अन्य स्कूलों के माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थीगण और पालकगणों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को बड़े उत्साहपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2024 के दौरान छात्राएं शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे बच्चों में लचीलापन पैदा करना और उन्हें दबावों से निपटने में मदद करना महत्वपूर्ण है। छात्रों की चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों को भी सामूहिक रूप से करना चाहिए।




### हर गलती एक नई सीख

अपने बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज कभी न बोएं। बल्कि भाई-बहनों को एक.दूसरे के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। अपने सभी कार्यों और अध्ययन में प्रतिबद्ध और निर्णायक बनने का प्रयास करें। जितना संभव हो उत्तर लिखने का अभ्यास करें। यदि आपके पास वह अभ्यास है तो परीक्षा हॉल का अधिकांश तनाव दूर हो जाएगा। प्रौद्योगिकी को बोझ नहीं बनना चाहिए। इसका विवेकपूर्ण उपयोग करें। सही समय जैसा कुछ नहीं है इसलिए इसका इंतजार न करें। चुनौतियां आती रहेंगी और आपको उन चुनौतियों को चुनौती देनी होगी। यदि लाखों चुनौतियां हैं, तो अरबों समाधान भी हैं। असफलताओं से निराशा नहीं होनी चाहिए। हर गलती एक नई सीख हैं। उचित शासन के लिए भी नीचे से ऊपर तक उत्तम सूचना की व्यवस्था और ऊपर से नीचे तक उत्तम मार्गदर्शन की व्यवस्था होनी चाहिए। मैंने अपने जीवन में निराशा के सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद कर दी हैं।

## खबर संक्षेप



### संस्कार पब्लिक स्कूल में 100 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

**मैनपुर।** संस्कार पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिन्द्रनवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने मां सरस्वती की पूजा- अर्चना व दीप प्रज्जवलन कर किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छोटे–छोटे बच्चों के प्रतिभा को देखकर हजारो दर्शक ताली बजा बजा कर और नगद पुरस्कार भेट कर उन्हे उत्साह वर्धन किया। विधायक जनक ध्रुव ने संबोधित करते हुए कहा की संस्कार पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ संस्कारवान बनाये जाने का कार्य किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षो से यहां के छात्र -छात्राओं और शिक्षकों को शिक्षा के प्रति समर्पित भावना को देखते आ रहा हूं। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्राचार्य लोकेश्वरी नेगी, अमीत मेश्राम, फलेश्वरी ध्रुव, दुर्गा पटेल, रेवती निर्मलकर उपस्थित थे।

### 80 प्लस के बुजुर्गों का किया सम्मान



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक शाला पाटसिवनी एवं कमारपारा द्वारा सयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस पर वयोवृद्ध सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि चम्पेश्वर ध्रुव, अध्यक्षता प्रधान पाठक कमल किशोर ध्रुव, हरिश्चंद्र ध्रुव (सचिव), रूपनारायण मांडले ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात आमंत्रित 80 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध रामा साहू, श्याम बाई, मांडले, चमारीन निषाद, कला बाई नेताम, हीरा बाई मारकंडे, कमला बाई मांडले का तिलक लगाकर हार, श्रीफल और वस्त्र से सम्मानित किया गया। अतिथियों के लिए छात्रों द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं सरपंच ने वयोवृद्ध का सम्मान को बड़ा अच्छा कार्य बताया एवं पंचायत के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ग्रामिणजनो को दी।

### तेज रफ्तार वाहन खेत में पलट गई

**महासमुंद।** एक तेज रफ्तार वाहन खेत में जाकर पलट गई। तुमगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम अछोला व जोबा के बीच खेत में मारूति सुजुकी वाहन क्र सीजी 22 एम 7224 का चालक मुरलीधर यदु के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लारवाहीपूर्वक चालक को रोड से नीचे खेत में उतारकर पलटा दिया, जिससे मदन कुमार साहू पिता गुलापी राम साहू (55) निवा, गिरधाल पलारी बलौदाबाजार को चोट आई है। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट

**महासमुंद।** शराब पीने के लिए पैसे देने से मना करने पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी डोमनलाल साहू पिता शंकर साहू (28) निवासी तुमगांव ने पुलिस को बताया कि आरोपी पाली खुंटे पिता राधेश्याम खुंटे निवासी नयापारा महासमुंद और उसके साथियों ने रास्ता रोककर उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे, जब मैने मना किया तो गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 294, 327, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** ग्राम छिंदपाली के जंगल में गजेंद्र बारिक पिता हीरालाल बारिक (40) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतक की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। मामले में सरायपाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## सम्मेलन : कलश यात्रा के साथ ब्रह्माकुमारीज का त्रिदिवसीय संत सम्मेलन का आगाज

# सत्यम, शिवम, सुन्दरम को पहचानने के लिए आन्तरिक शक्तियों को जानना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सत्यम शिवम सुन्दरम को पहचानने के लिए आन्तरिक शक्तियों की पहचान को लेकर त्रिदिवसीय संत सम्मेलन का शुभारंभ चम्पेश्वर महादेव के धार्मिक स्थल चम्पारण में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में हुआ। बिलासपुर से पहुंची ब्रह्माकुमारी राखी बहन ने कहा कि भौतिकता के भागदौड़ वाले जीवन में मानव परिस्तिथियों से हारकर अशांत दुखी व परेशान हो गया है, ऐसे समय में आध्यात्मिक ज्ञान से सत्यम,शिवम,सुन्दरम को पहचान कर अपने अंदर की आन्तरिक शक्तियो को जागृत करना होगा। कहा कि आध्यात्म हमें परमात्मा की ओर आकर्षित करता है। उस परम शक्ति से मन बुद्धि की तार जोडने से ही मन में हमे सुख,शान्ति ,आनन्द व प्रेम की अनुभूति होती है,जिसे पाने के लिए बाहर खोजने की आवश्यकता नही,अपने भीतर की ओर जाना पड़ता है, जब हम अंदर से प्रकाशवान होंगे तो हमारा जीवन स्वतः प्रकाशित होगा। आन्तरिक शक्तियो की पहचान आध्यात्म से ही कर सकते है जिसके माध्यम से परमात्म शक्तियो को जीवन में संजोकर दिव्यता की अनुभूति कर सकते है।




### ज्योति स्वरुप परमात्मा शिव का अंश

तहसीलदार योगेन्द्र देवांगन ने ब्रह्माकुमारियो के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि की खुद को जानने से खुदा को भी जान सकते है। उस ज्योति स्वरुप परमात्मा शिव का अंश हम सभी आत्माए भी है,उनके दिव्यता, उनके गुण, शक्तिया हमारे अंदर निहित है। उसे पहचानने के लिए अध्यात्म ही एक रास्ता है। जिस पर चलकर आन्तरिक शक्ति की पहचान हो सकती है। पुरा विश्व शान्ति, प्रेम, एकता की चाह रखते हैं देने वाला सत्यम, शिवम, सुन्दरम एक शिव बाबा है। जिसकी कृपा सभी आत्माओं पर बरसती रहती है। संचालन गणेश ने किया। ब्रह्माकुमार माखन भाई ने बताया कि 30 जनवरी को सामाजिक समरसता सम्मेलन का आयोजन चम्पारण के हाई स्कूल के सामने सत्य साई प्रांगण में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित है।

### आत्म ज्ञान का धन हमारे अन्तर्मन में सुरक्षित

कबीर आश्रम के संत विचार दास साहेब ने कहा कि जब शरीर और मन दोनों शान्त हो सारी आकांक्षाये समाप्त हो चुकी हो, और सारा केंद्र बिन्दु आत्मा पर स्थित हो ऐसे में ध्यान हमे बोध कराता है कि हमारे मौन में ही परम शान्ति है,और वहीं से ही आन्तरिक शक्तियों का जागरण होता है। जिस सत्य को जानने के लिए शिवम की ओर जाना पड़ेगा और उसे पा गए तो जीवन सुन्दर हो जायेगा। गायत्री शक्तिपीठ से आये संत आरएस चौरसिया ने कहा कि आत्म ज्ञान का धन हमारे अन्तर्मन में सुरक्षित है, जिसे ध्यान के माध्यम से सुगमता पूर्वक प्राप्त किया जा सकता है। अन्तःकरण की शुद्धि के लिए यज्ञ, जप तप, संयम, सेवा व साधना को आवश्यक बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से हम मन की चंचलता पर जीत पा सकते है। ये मन का विकार ही स्वयं को पहचानने में अवरोध है। ब्रह्माकुमारी बिन्दु बहन ने कहा कि भारत एक आध्यात्मिक देश है, यहाँ के रहवासियों के विचारो, संस्कारों में आध्यात्मिकता की झलक मिलती है। आज देश में आध्यात्मिकता की गंगा बह रही। क्योकि हर देशवासियों की मन का तार, उनके संकल्प, विचार, हर आत्मा का संबंध हर रुप से उस परम सत्ता परमात्मा राम से जुड़ा हुआ है इस पल का दर्शक पूरा देश रहा है यही अनुभूति है। देशवासियो के आन्तरिक शक्तियो के पहचान का।



# ठेठवार समाज के अधिवेशन में समाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

यादव ठेठवार समाज राज का वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। वार्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि के रुप में दुखू राम यादव संरक्षक, सभापति तिलक राम यदु, अध्यक्षता शंकर लाल यदु उपस्थित रहे। दुखु राम यदु ने समाज उत्थान के लिए सतत कार्य करते रहने के लिए सामाजिक बंधुओं को प्रेरित किया। तिलक राम यदु ने समाज के लोगों को उच्च शिक्षा, रोजगारपरक कार्य करते रहने से ही समाज का विकास संभव होगा व समाज को वर्तमान परिवेश के साथ चलने के लिए दिशा प्रदान किया। इस अवसर पर खेमलाल यादव, कोषाध्यक्ष ढापेंद्र यादव, अयोध्या राम यादव अंकेक्षक, गोपीराम यादव, टकेंद्र यादव, ओमप्रकाश यादव, योगेश यादव, भरत यादव, लखन लाल यादव, मुकेश यादव, रमेश यदु, गोविन्द यदु, संतकुमार यादव, दुर्गा यादव, कार्तिक यादव, लोकेश, देवलाल यादव, रीझे यादव, हीरा लाल यादव, नंद लाल यादव, किशोर, गणेश यादव, परमेश्वर यादव, चमन यादव, चिंता यादव, नोहर यादव, एवं समस्त ठेठवार उपस्थित थे।



# हम भवन के लिए हर संभव प्रयास करेंगे : विधायक ध्रुव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव मलेवांचल क्षेत्र के ग्राम रसेला पहुंचे, जहां गुरु कृपा विद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। जहां सर्व प्रथम स्कुल स्टाफ के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच बिगेद्र ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच परमेश्वर यादव, हेमलता ध्रुव जनपद सदस्य छुरा, लोकराम यादव आदि मंच पर उपस्थित थे। गुरु कृपा के बच्चों के द्वारा गीत, कविता और नृत्य जैसे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि वनांचल में शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छी पहल है कि एक छोटे से कस्बे में शिक्षा के लिए एक अच्छा प्रयास किया जा रहा है। वहीं स्कुल भवन की व्यवस्था पर कहा कि हम भवन के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। फिर वे ग्राम कनसिंघी पहुंचे जहां बड़े यादव समाज के द्वारा आयोजित सामाजिक बैठक में शामिल हुए। जहां समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात वे समाज को संबोधित करते हुए उनके सामाजिक भवन के घोषणा पर जल्द पहल करने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात वे ग्राम सेम्हरा पहुंचे जहां ग्रामवासियों ने स्वागत किया और जमीन पर ही दरी बिछाकर सभी ग्रामीणों के साथ बैठकर सभी की समस्याएं सुनीं और समस्याओं पर जल्द ही निदान का आश्वासन देते हुए कहा कि पिछले पंद्रह सालों से ये क्षेत्र उपेक्षित रहा है समस्याओं का अंबार सा हो गया है समय थोड़ा जरूर लगेगा लेकिन आप सभी के साथ जितना हो सकता है समस्याओं का निदान करेंगे कहा गया। वहीं एक वार्ड में कम वाट के ट्रांसफार्मर से लोगों को विद्युत आपूर्ति में समस्या हो रही थी जिसके लिए तुरंत विद्युत विभाग के अधिकारी को फोन पर बात की जिस पर त्वरित निराकरण करते हुए एक सप्ताह के अंदर ज्यादा वाट का ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति की समस्या दूर करने की बात विद्युत विभाग की ओर से कही गई। जिसमें वार्ड वासियों ने खुशी जताई। इस अवसर पर उक्त ग्रामों के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## बेहतर शिक्षकीय कार्य के लिए खोमन सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रहे फिंगेश्वर विकासखण्ड के शिक्षक खोमन सिन्हा को पुलिस परेड ग्राउंड गरियाबंद में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि महासमुंद लोक सभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गरियाबंद कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि शिक्षक खोमन सिन्हा विकासखण्ड फिंगेश्वर में पदस्थ हैं। शिक्षक खोमन सिन्हा शिक्षा स्तर को उपर उठाने नित नए प्रयास कर रहे हैं। स्कूल के साफ सफाई गार्डरिंग स्कूल की रंगरोगन। बच्चों की शारीरिक मानसिक फिटनेस मेंटेन करना बच्चों में उत्कृष्ठ शिष्टाचार,लक्ष्य प्राप्ति के लिए मोटिवेट करना सहित इसके अलावा भी अलग अलग तरीकों से उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

# कबड्डी एक ऐसा खेल, जिसमें महंगे उपकरण की जरूरत नहीं : पारस



## फुलकर्रा में हुई दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्राम फुलकर्रा में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक प्रतियोगी टीम ने हिस्सा लिए। एक दूसरे टीम को परास्त करने टीम ने पूरा दम खम लगाया।

ग्राम फुलकर्रा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि प्रथम जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर शामिल हुए। पारस ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि कबड्डी हमारे ही घर में पैदा हुआ खेल है। यह एक ऐसा खेल है जिसमें महंगे उपकरण की जरूरत नहीं होती। आपको बस टीम वर्क की भावना, त्वरित सोच और मजबूत फेफड़ों की आवश्यकता है। यह एक ऐसा खेल है जो ताकत, गति और रणनीति को एक अनोखे मिश्रण में एक साथ लाता है। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि कबड्डी की सुंदरता इसकी सरलता और सुलभता में निहित है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अमीर हैं या गरीब, मजबूत हैं या इतने मजबूत नहीं हैं, हर कोई खेल सकता है। आपको बस एक खुली जगह और दोस्तों का एक समूह चाहिए। कबड्डी सिर्फ एक खेल से कहीं अधिक है। यह हमारी संस्कृति का प्रतीक है, हमारी एकता और ताकत की भावना का प्रमाण है। कबड्डी खेल का जश्न मनाएं, क्योंकि यह सिर्फ एक खेल नहीं है, यह हमारी विरासत है। यह एक ऐसा खेल है जो हमें सिखाता है कि मिलकर हम किसी भी चुनौती से पार पा सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुशल देवांगन, रामकृष्ण, इन्दल साहू, नंदे दीवान, नारद ध्रुव, कोमल ध्रुव, गजानंद, दीपक, चंदन, हर्ष, ओमश देश राम साहू, हरि देवांगन उपस्थित थे।

# पंचकोशी धाम में भव्य कलश यात्रा के साथ कथा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

पंचकोशी धाम धर्म नगरी कोपरा में श्री रामजनकी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा वाचन को लेकर शुक्रवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इसको लेकर नगर के श्री राम जानकी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुआ फिर शिव चौंक सहाड़ा चौंक, गांधी चौंक, शीतला माता मंदिर, गड़ाही माता होते हुए कथा स्थल श्री राम जानकी मंदिर पहुंची। कथा वाचक पंडित श्री भूपेंद्रधर दीवान जी श्रीधाम फणिकेश्वर धाम वाले के मंत्र उच्चारण यह विधिवत पूजा अर्चना के बाद मंदिर प्रांगण में 101 कलश में अमृत जल भरा गया। इन कलशों को नए नए परिधानों में सजी महिलाओं ने सिर पर धारण किया। जिसके बाद यात्रा रवाना हुई। भागवत पुस्तिका को सिर पर धारण कर श्रद्धालु यात्रा में आगे -आगे चल रहे थे। नगर के सेवानिवृत शिक्षक ईश्वर लाल सिन्हा शकुन सिन्हा एवं पुत्र दिनेश कुमार सिन्हा नंद कुमार सिन्हा प्रणय कुमार सिन्हा मनोज कुमार सिन्हा के द्वारा श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है।




